कार्यालय महालेखाकार (लेखा व हक) पंजाब एवं यू.टी., चण्डीगढ़

का.आ.प्रशासन--3 / प्रो.प / 2021--22 /

दिनांक: **11.03.2022**

कार्यालय आदेश

वरिष्ठ लेखाकारों व **सहायक पर्यवेक्षकों** की प्रोत्साहन परीक्षा **19 अप्रैल** 2022 को इस कार्यालय में आयोजित की जा रही है। वे वरिष्ठ लेखाकार जिन्होंने एक **अप्रैल** 2022 को एक वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली है **तथा वे सहायक पर्यवेक्षक** जिन्होने व. **लेखाकार या सहायक पर्यवेक्षक के पद पर** इस परीक्षा **को** उत्तीर्ण **नही किया है**, इस परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। जो वरिष्ठ लेखाकार/ सहायक **पर्यवेक्षक** अपने वेतनमान के अंतिम चरण में हैं वे इस परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं हैं।

उम्मीदवार को हिन्दी अथवा अंग्रेजी में उत्तर देने का विकल्प होगा जो उन्हें आवेदन पत्र में स्पष्ट रूप से लिखना होगा। चुने गए विकल्प को आवेदन--पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद बदलने की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा।

परीक्षा में 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा।

इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन--पत्र निर्धारित फार्म में प्रशासन--3 अनुभाग का दिनांक **29.03.2022** तक भेज दें। अंतिम तिथि के बाद किसी भी अवस्था में आवेदन--पत्र स्वीकार नहीं किये जाऐंगे।

हस्ता/-

व. लेखा अधिकारी (प्रशासन--3)

क--प्रशा 3 / प्रो.प / 2021--22 / 2433-41

दिनांक: **11.03.2022**

प्रति निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः--

1. गोपनीय सहायक (उप महालेखाकार प्रशा)
2. प्रशासन--1 अनुभाग (प्रतिनियुक्ति पर गये आवेदक को सूचना हेतु)
3. यू.टी. प्रशासन (उप कार्यालय के सभी अनुभागों में अग्रिम सूचना हेतु)
4. कल्याण अनुभाग (परीक्षा में परीक्षार्थियों के बैठने के लिए प्रबंध करने हेतु)
5. पी.पी.सी.बी (पेंशन स्कंध के सभी अनुभागों में अग्रिम सूचना हेतु)
6. टी.एम.--2 (लेखा स्कंध के सभी अनुभागों में अग्रिम सूचना हेतु)
7. आई.टी. सपोर्ट सैल (डाटाबेस के द्वारा अपलोड़ करने हेतु)
8. कार्यालय आदेश
9. सूचना पट्ट

11/03/2022

सहायक लेखा अधिकारी (प्रशासन--3)